नुक्कड़ नाटक से दिया नेत्रदान का संदेश

आज समाचार सेवा

ऋषिकेश। एम्स, ऋषिकेश में 39 वें नेत्रदान जागरूकता पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके तहत नेत्र रोग विभाग की ओर से नुक्कड़ नाटक, नेत्रदान व्याख्यान, नेत्रदान जनजागरूकता वार्ता, वॉकथॉन व नेत्रदाता सम्मान समारोह आदि कार्यक्रम हुए। एम्स,ऋषिकेश के नेत्र विज्ञान विभाग के तत्वावधान में जनजागरूकता के अंतर्गत संस्थान परिसर में नेत्र कोष स्टाफकी ओर से नर्सिंग अधिकारियों, अस्पताल स्टाफ विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों एवं उनके तीमारदारों से नेत्रदान जागरूकता वार्ता के माध्यम से उन्हें नेत्रदान को लेकर जागरूक किया गया। कॉलेज ऑफनर्सिंग, मॉडर्न पब्लिक स्कूल ऋषिकेश और महिला महाविद्यालय हरिद्वार में रेजिडेंट्स चिकित्सकों व आई बैंक काउंसलर द्वारा नेत्रदान जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक व व्याख्यानमाला आयोजित की गई। नर्सिंग छात्राओं द्वारा हरिपुर कलां, हरिद्वार में नुक्कड़ नाट्य प्रस्तुति के जरिए नागरिकों को नेत्रदान का संकल्प दिलाया गया। पखवाड़े के अंतर्गत आस्थापथ पर वॉकथॉन के माध्यम से जनमानस को नेत्रदान महादान के प्रति जागरुक किया गया। जिसमें एम्स ऋषिकेश के संकायगण, नर्सिंग ऑफिसर्स और रेजिडेंट्स डॉक्टर्स के साथ-साथ ऋषिकेश के रेड राइडर्स और मॉर्निंग वॉक पर निकलने वाले समूह सदस्यों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। इस दौरान संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर डॉ. मीनू सिंह ने लोगों को नेत्रदान महादान को लेकर जागरुक किया गया और उन्हें नेत्रदान का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया गया। उधर, नेत्रदान पखवाड़े के अंतर्गत एम्स, ऋषिकेश नेत्र रोग विभाग द्वारा आयोजित नेत्रदाता परिवारों के सम्मान समारोह में 80 नेत्रदाता परिवारों के सदस्यों को एम्स संस्थान की ओर से प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही समाज के नेत्रदान के प्रति सतत जनजागरुकता मुहिम चलाने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं में गोपाल नारंग, अनिल अरोड़ा, अनिल कक्कड़, नूतन अग्रवाल, नेहा मालिक, सीमा जैन वह संगीता आनंद को भी एम्स संस्थान की ओर से सम्मान से नवाजा गया। साथ ही उनसे आमजन के मध्य इस पुनीत अभियान को आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया। आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर डॉ. मीनू सिंह ने कहा कि नेत्रदान से बढ़कर कोई दूसरा दान नहीं है। उन्होंने नेत्रदाता परिवारों का अपने दिवंगत परिजनों के नेत्रदान कराने के संकल्प को पूरा करने के लिए आभार जताया। कहा कि इस कार्य से नेत्र ज्योति विहीन लोग भी ईश्वर की बनाई हुई दुनिया को साक्षात देख सकेंगे। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक एवं नेत्ररोग विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. संजीव कुमार मित्तल ने लोगों को नेत्रदान महादान के लिए प्रेरित किया और इस पुनीत कार्य के लिए समाज के अन्य लोगों को भी जागरुक करने का आह्वान किया। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय के मध्य नेत्रदान को लेकर उत्पन्न भ्रांतियां भी दूर की और कहा कि सभी के सामुहिक संकल्प से ही हम अंधता पर विजयश्री प्राप्त कर सकते हैं और प्रत्येक अंधता ग्रसित व्यक्ति के जीवन में उजियारा ला सकते हैं। एम्स के नेत्र बैंक प्रबंधक ने आई बैंक की स्थापना से अब तक की सम्पूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 में स्थापित एम्स के नेत्र कोष में अब तक 920 लोगों का नेत्रदान हुआ है जबकि, 540 लोगों को अब तक एम्स द्वारा कॉर्निया प्रत्यारोपण किया जा चुका है। इसके अलावा 172 कॉर्निया उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत नेत्र सर्जन को वितरित किए गए हैं। आई बैंक के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. नीति गुप्ता के अनुसार एम्स के ऋषिकेश आई बैंक में अब तक हुए नेत्रदान कराने में ऋषिकेश नगर अव्वल रहा है। उन्होंने इसके लिए सभी नेत्रदाता परिवारों का एम्स संस्थान की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। बताया कि पखवाड़े में 310लोगों ने नेत्रदान महादान का संकल्प लिया है। डॉक्टर श्रेया वर्मा व डॉ. शाश्वत के संचालन में आयोजित समारोह में प्रो. अरूप कुमार मंडल, डॉ. अजय अग्रवाल, डॉ. अनुपम सिंह, डॉ. रामानुज, डॉक्टर विकास पंवार, डॉक्टर दिलीप कुमार मीणा, नेत्ररोग विभाग के रेजिडेंट्स, आई बैंक काउंसलर बिंदिया भाटिया, संदीप गुसाईं, आलोक सिंह, पवन सिंह आदि ने सहयोग प्रदान किया।

हेलमेट को लेकर करें सख्त कार्यवाही: डीएम मयूर दीक्षित

आज समाचार सेवा

टिहरी। जिला सभागार नई टिहरी में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। हेलमेट पहनने को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत हेलमेट बहुत जरूरी है, इससे सिर और मस्तिष्क की चोटों का खतरा कम होता है। हेलमेट पहनने पर विशेष फोकस करते हुए पुलिस, परिवहन और राजस्व विभाग को राष्ट्रीय राजमार्गों पर संयुक्त निरीक्षण कर सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, बीआरओ, पीएमजीएसवाई एवं नगर निकाय के अधिकारियों को सड़कों पर लगाये गये अनावश्यक साइन बोर्ड को हटाने को कहा गया।

जिलाधिकारी ने सड़कों पर लगाये गये क्रैश बैरियरों एवं सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को सड़कों पर लगाये गये क्रैश बैरियरों की रेण्डमली चेकिंग करने एवं थर्ड पार्टी से मुआयना करवाने, नशामुक्ति को लेकर समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाने, मोटर वाहन अधिनियम के तहत चौकिंग अभियान चलाने तथा शराब पीकर वाहन चलाने एवं मानकों से अधिक गति से चलने वालों के खिलाफ त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि पहले महत्वपूर्ण एवं प्राथमिकता पर किये जाने वाले निर्माण कार्यों के प्राकलन उपलब्ध करायें। जनपद मुख्यालय की अन्तरिक सड़क सुरक्षा को लेकर जल्द स्पीड ब्रेकर लगवाने व आन्तरिक सड़कों के गड्ढों का भरवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। जिलाधिकारी ने बीआरओ के अधिकारी को एनएच-34 पर क्रैश बेरियर जहां दबे हुए हैं, उन्हें ठीक करने तथा भूस्खलन वाले स्थानों पर ढलान उपचार के बाद शीघ्र मलबा हटवाने को कहा। एसडीएम टिहरी, बीआरओ और संबंधित ठेकेदार की संयुक्त टीम को चम्बा-छाम मोटर मार्ग का सात दिन के अन्दर निरीक्षण करने को कहा गया। मलेथा-डाईजर मोटर मार्ग की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को मोटर पर लगाये जा रहे पैराफिट की गुणवत्ता चैक करने एवं थर्ड पार्टी से निरीक्षण करवाने को कहा तथा एएसपी को मोटर मार्ग पर चौरी हुए क्रैश बैरियर के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। बैठक में जिलाधिकारी ने घनसाली-घुत्तु मोटर मार्ग, इठारना- कुखई, टिहरी-जाख, उनालगांव-कोटा, रानीचौरी-गजा-नकोट, अगुण्डा, झाला, कैम्पटी, रानीपोखरी, थत्यूड़ आदि मोटर मार्गों तथा सौंदणा व रगड़गाँव में चल रहे ट्रालो एवं पुल निर्माण कार्यों की अद्यतन जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में एसएसपी जेआर जोशी ने भद्रकाली में पीडब्लूडी तिराहा से ब्रहमानन्द तक वाहनों की गति कम करने को लेकर मजबूत बैरियर लगाने की बात कही। एआरटीओ संदीप राज ने बताया कि जनपद में गत वर्ष के सापेक्ष सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है लेकिन हताहतों की संख्या में कमी आई है। उन्होंने परिवहन एवं पुलिस विभाग द्वारा विभिन्न अभियोगों में किये चालान, वाहनों को जारी ट्रिपा कार्ड आदि के बारे में जानकारी दी। जानकारी देते हुए बताया कि घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले को पुलिस न तो परेशान करती है और न कोई केस होता है। घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले को अपना नाम और पता देने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है। घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले को पुलिस व्यक्तिगत रूप से कहीं आने के लिए बाध्य नहीं कर सकती। घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले से अनावश्यक पूछताछ नहीं की जाएगी। घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले को सिविल या आपराधिक दायित्व से बचाया जाएगा। घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले को प्रोत्साहित किया जाता है। घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले को आई विटनेस बनना होता है, लेकिन कोर्ट में गवाही के लिए नहीं आना होता। वहीं, घायल या उसे अस्पताल पहुंचाने वाले के साथ कोई डॉक्टर मिसबिहेव करता है, तो उसके खिलाफ शिकायत की जा सकती है। बैठक में एडीएम केके मिश्रा, सीएमओ श्याम विजय, एसडीएम टिहरी संदीप कुमार आदि शामिल रहे।

काबीना मंत्री से मिले राज्य आंदोलनकारी

आज समाचार सेवा

ऋषिकेश। क्षेत्रीय विधायक व मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल से राज्य आंदोलनकारियों के एक दल ने मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश के राज्य आंदोलनकारियों को दस प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण विधेयक के लिए डॉ अग्रवाल का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर उत्तरकाशी से पहुंचे राज्य आन्दोलनकारी प्रदीप कुकरेती ने कहा कि आरक्षण की मांग को लेकर संगठन ने लंबे समय से सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया जिसका परिणाम है आज सभी आंदोलनकारियों को इतनी बड़ी जीत मिली है। इस अवसर पर प्रदीप कुकरेती, राकेश सेमवाल, केशव उनियाल, देवेंद्र नौटियाल, गौरव खंडूरी आदि उपस्थित रहे।

सीएस ने तय की डेड लाइन

आज समाचार सेवा

देहरादून। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आगामी मुख्य सचिव कॉन्फ्रेंस की तैयारी के लिए नोडल अधिकारियों को मैन्युफैक्चरिंग, सेवाओं, ग्रामीण गैर कृषि, शहरी विकास, रेन्यूएबल एनर्जी, और सर्कुलर ईकॉनोमी पर अपने फीडबैक नोट्स 20 सितम्बर तक नियोजन विभाग को भेजने की डेडलाइन दी है। इसके साथ ही, सीएस ने राज्य विशेष के सम्बन्ध में नोट्स शासन को 25 सितम्बर तक भेजने का समय निर्धारित किया है। सीएस रतूड़ी ने सभी आईएएस, पीसीएस अधिकारियों, विभागाध्यक्षों, और विभागीय अधिकारियों को अपने फील्ड अधिकारियों से फीडबैक लेकर नोट्स तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिलाधिकारियों को फीडबैक नोट्स तैयार करते समय अपने अधीनस्थ और फील्ड अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा है। मुख्य सचिव ने विशेष रूप से नीति आयोग के आंकाक्षी जिला कार्यक्रमों के तहत आने वाले जनपदों (हरिद्वार और उधमसिंह नगर) में निम्न सूचकांकों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में बताया गया कि नवंबर में आयोजित होने वाली चौथी मुख्य सचिव कॉन्फ्रेंस की तैयारियों की दृष्टि से राज्य ने नोडल अधिकारियों को नामित कर दिया है। नीति आयोग द्वारा चौथी मुख्य सचिव कॉन्फ्रेंस के लिए निर्धारित 6 थीम के अनुसार प्रत्येक थीम के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। राज्य के नोडल अधिकारियों ने केंद्रीय नोडल मंत्रालयों द्वारा आयोजित विभिन्न बैठकों में भी भाग लिया है।

वर्ल्ड सुसाइड प्रिवेंशन डे: युवाओं को किया जागरूक

आज समाचार सेवा

ऋषिकेश। वर्ल्ड सुसाइड प्रिवेंशन डे के उपलक्ष्य में एम्स, ऋषिकेश के कम्युनिटी एवं फैमिली मेडिसिन विभाग के अपर-आचार्य और सोशल आउटरिच सेल के नोडल अधिकारी डॉ. संतोष कुमार ने रेड फोर्ट इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, टिहरी विस्थापित क्षेत्र, पशुलोक में सभी बच्चों को युवा जोश यूथ वेलनेस प्रोग्राम के तहत जागरुक किया। उन्होंने बताया कि इस दिन का उद्देश्य दुनियाभर में सुसाइड जैसा कदम नहीं उठाने को लेकर जनमानस में जागरूकता बढ़ाना है, जिससे विभिन्न कारणों से बढ़ते आत्महत्या के मामलों को रोका जा सके। स्कूली छात्रों को युवा-संवाद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि आपको स्वयं से प्रश्न पूछने की आदत को डालना होगा, जिससे आप निडर होकर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान बच्चों ने अपनी जिज्ञासाओं को कुछ प्रश्नों के माध्यम से डॉ. संतोष कुमार के समक्ष रखा। उनका मनोबल बढ़ाते हुए चिकित्सक ने बताया कि प्रश्न पूछना चेतन मन और बुद्धि की पहली क्रिया होती है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी अपने जीवन में लक्ष्य को पाने के लिए उस पर फोकस कर सकते हैं, जिसके लिए उन्हें दिन-रात एक करना होगा, क्योंकि आजकल हर क्षेत्र में प्रतिष्पर्धा कॉम्पिटिशन बहुत अधिक बढ़ गई है, जिसका मुकाबला करने के लिए हमें लगन एवं कठोर परिश्रम की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि, हमें ज़िंदगी चाहे जितनी कठिन लगे, फिर भी हमें हमेशा कुछ न कुछ करते रहना चाहिए। यदि आप असमंजस में रहते हैं तो उससे कैसे बाहर निकलें, जिंदगी बोर हो गई है या आप किसी चीज से परेशान हैं तो अपने बारे में किसी विशेषज्ञ से पूछें और जानकारी लें। उधर, ज्ञान योग आश्रम, ऋषिकेश में श्वर्ल्ड सुसाइड प्रिवेंशन डेश् पर एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें एम्स के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.संतोष कुमार ने वैलनेस के बारे में चर्चा की। उन्होंने अपने व्याख्यान में बताया कि हमें अपने आप से, समाज से, नजदीकी व्यक्ति से किस तरह बात करनी चाहिए, तथा हम अपने नजदीकियों की बातों को कितना समझते एवं सहन करते हैं। उन्होंने बताया कि आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में समाज में आत्महत्या (नपबपकम) की प्रवृत्ति तेजी से फैलती जा रही है। खासकर, युवाओं में यह जान देने की प्रवृत्ति अधिक हो चली है, लिहाजा एम्स आउटरीच सेल के अंतर्गत वैलनेस कार्यक्रमों का आयोजन समय-समय किया जा रहा है, जिससे युवा वर्ग को एक नई ऊर्जा मिलती रहे।

उखड़ी टाइल्स बन रही दुर्घटना का सबब

- मुख्य मार्ग पर कई महीनों से टूटी पड़ी हैं टाइल सड़क
- हाईवे का मुख्य हिस्सा कई क्षेत्रों को भी जोड़ता है

आज समाचार सेवा

कालाढूंगी। कालाढूंगी के वार्ड नंबर तीन में स्थित मुख्य मार्ग पर पिछले कई महीनों से टाइल्स उखड़ी हुई हैं, जिससे इलाके में गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। यहां की उखड़ी हुई टाइल्स की वजह से छोटे बच्चे और बाइक सवार लगातार गिरकर घायल हो रहे हैं। इसके बावजूद, स्थानीय प्रशासन या संबंधित अधिकारियों द्वारा इस समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। यह मार्ग न केवल वार्ड नंबर तीन को जोड़ता है, बल्कि यह मुख्य हाइवे का हिस्सा भी है, जो क्षेत्र की अन्य महत्वपूर्ण सड़कों से जुड़ता है। उखड़ी टाइल्स के कारण इस मार्ग पर हर समय खतरा बना हुआ है। इस समस्या के बावजूद, यहाँ कोई मरम्मत या टाइल्स की ठीक सेपरेशन का काम नहीं किया जा रहा है, जिससे लोगों को नियमित रूप से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अजीब बात यह है कि नगर के अन्य हिस्सों में जहां टाइल्स अच्छी स्थिति में हैं, वहां उन्हें उखाड़कर नई सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। लेकिन, जहां टाइल्स की मरम्मत और ध्यान देने की अधिक आवश्यकता है, वहां कोई सुधार नहीं किया जा रहा। कई महीनों से समस्या के अनदेखे होने से स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। इस स्थिति को देखते हुए, स्थानीय निवासियों और प्रभावित लोगों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि वे इस मार्ग की टाइल्स की मरम्मत के लिए तुरंत कदम उठाएं। उन्हें उम्मीद है कि स्थानीय अधिकारियों की ओर से जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी, ताकि इलाके में बढ़ रही दुर्घटनाओं और समस्याओं को कम किया जा सके।

श्री केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा का दूसरा चरण आज से

आज समाचार सेवा

देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गुरूवार 12 सितम्बर से श्री केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा के दूसरे चरण का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में सीतापुर से शुरू होकर केदारनाथ तक जाएगी। इस यात्रा में प्रदेश कांग्रेस के सहप्रभारी सुरेन्द राजपूत भी भाग लेंगे। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष संगठन एवं प्रशासन मथुरादत्त जोशी ने बताया कि इस यात्रा का आयोजन 24 जुलाई 2024 से हरकी पौड़ी हरिद्वार से श्री केदारनाथ तक किया जा रहा था। यह यात्रा विश्व सनातन धर्म के प्रमुख स्थल श्री केदारनाथ ज्योतिर्लिंग के प्रति संवेदनशीलता और उसकी प्रतिष्ठा की रक्षा के उद्देश्य से की जा रही है। जोशी ने आरोप लगाया कि नई दिल्ली में केदारनाथ शिला की स्थापना के समय मुख्यमंत्री की उपस्थिति में पवित्र ज्योतिर्लिंग के प्रति अवमानना की गई और पुरानी वैदिक एवं सनातनी परंपराओं का उल्लंघन किया गया है, जिसके विरोध में यह यात्रा आयोजित की जा रही है। पहले चरण की यात्रा अत्यधिक वर्षा के कारण यात्रा मार्ग में आई दैवीय आपदा के चलते सीतापुर में रोक दी गई थी। अब, दूसरे चरण में 12 सितम्बर को प्रातः 7: 30 बजे सीतापुर में सेवादल कार्यकर्ताओं द्वारा ध्वजारोहण के बाद यात्रा का शुभारंभ होगा। यात्रा सीतापुर से केदारनाथ की ओर प्रस्थान करेगी और सायंकाल श्री केदारनाथ पहुंचेगी। रात्रि विश्राम के बाद 13 सितम्बर को प्रातः 8 बजे श्री केदारनाथ में जलाभिषेक एवं पूजन अर्चना की जाएगी। इसके बाद तीर्थ पुरोहितों से मुलाकात और पत्रकार वार्ता के साथ यात्रा का समापन किया जाएगा।

सड़कों की मरम्मत के लिए युद्धस्तर पर अभियान चलाएं

आज समाचार सेवा

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में बरसात के बाद सड़कों की मरम्मत के लिए युद्धस्तर पर अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री आरके सुधांशु को स्पष्ट निर्देश दिया है कि बरसात समाप्त होते ही सड़कों की मरम्मत का कार्य तीव्र गति से शुरू किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बारिश के कारण प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सड़कों की स्थिति बिगड़ गई है। ऐसे में, सड़कों के सुधार के लिए एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। धामी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जहां भी सड़कों में क्षति हुई है, उन क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाए और मरम्मत का काम शीघ्रता से पूरा किया जाए।यह निर्देश मुख्यमंत्री ने प्रदेश में बिगड़ी सड़कों की स्थिति को देखते हुए दिए हैं, ताकि नागरिकों को यात्रा में कोई असुविधा न हो और सड़क परिवहन की सुविधा बहाल हो सके। बता दें कि बीते दिनों प्रदेश में आई बारिश के चलते अधिकांश सड़कों की हालत खराब है। सड़कों में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं। जिनसे आए दिन हादसे हो रहे हैं। जिनमें आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं। ऐसे में अब मानसून काल समाप्त होने को है। जिसे देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वरिष्ठ अधिकारियों को जनहित के मद्देनजर खराब पड़ी सड़कों की स्थिति को जल्द दुरूस्त करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि यह कार्य युद्धस्तर पर होना चाहिए।

नशे को लेकर प्रभावी कदम उठाएं:एसएसपी

आज समाचार सेवा

ऋषिकेश। एसपी देहात लोकजीत सिंह ने नशा निरोधक समिति के सम्बन्ध में ट्रांजिट कैम्प ऋषिकेश में प्रभारी निरीक्षक और उपनिरीक्षकों के साथ बैठक की। बैठक में नशा निरोधक समिति में किस प्रकार के लोगों को शामिल किया जाना है। उसको लेकर चर्चा की गई। एसपी देहात देहरादून लोकजीत सिंह ने बताया कि एसएसपी द्वारा नशा निरोधक समिति का गठन किया है। समिति में किन किन लोगों को शामिल करना है उसको लेकर आज एक बैठक की गई है। बताया कि नशा निरोधक समिति के तहत ऋषिकेश में तीन समितियां बनाई जाएगी। प्रत्येक समिति में 20 से 25 लोगों को शामिल किया जाएगा। समिति में मुख्य तौर पर सामाजिक संगठन, स्वतंत्र लोग, निष्पक्ष लोग, विद्यार्थी और महिलाओं को शामिल किया जाएगा। बैठक में कोतवाल ऋषिकेश राजेन्द्र सिंह खोलिया, उपनिरीक्षक विनोद, एम्स चौकी प्रभारी चिंतामणि आदि शामिल रहे।

जाहरवीर गोगा मेले में निशान चढ़ाकर मांगी मन्नत

आज समाचार सेवा

रूड़की। मसाही कला गांव में जाहरवीर गोगा की पवित्र छड़ी की पूजा-अर्चना के साथ मेले का शुभारम्भ हुआ। वहीं भगत सुमित ने बताया कि सुबह से ही लोग पूजा अर्चना कर प्रसाद चढ़ाने के लिए आ रहे हैं। मान्यता है कि महाड़ी पर प्रसाद चढ़ाकर मन्नत मांगने से भक्तो की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। मेले में चारों ओर लगी चाट पकौड़ी, जलेबी, खिलौने आदि की दुकानों से हजारों ग्रामीणों ने जमकर खरीदारी की। इसके अलावा मेले में श्रद्धालुओं की ओर से बजाए जा रहे ढोल, डमरू और भजनों पर लोग झूमते हुए नजर आए। मेले में पुलिस की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। बताया गया है की प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी जहारवीर गोगाजी महाड़ी में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। और आसपास के गांवों से निशान लेकर आए श्रद्धालुओं ने महाड़ी में प्रसाद चढ़ाया। इस मौके पर संजीव कुमार, विशाल, हर्ष, सुमित सैनी, सीताराम, जगदेव, संदीप, पप्पू, जयसिंह, रामेश्वर, मनीष, राजू, सुभम, आर्यन आदि उपस्थिति रहे।

2 अक्टूबर को सम्मानित होंगे स्वच्छता चैम्पियन

आज समाचार सेवा

ऋषिकेश। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती-ढालवाला ने वार्डों में सेग्रीगेट कूड़ा देने वाले स्वच्छता चैंपियनों को नामित किया गया। जिन्हें आगामी 02 अक्टूबर को सम्मानित किया जाएगा। बता दें कि प्रशासक देवेंद्र सिंह नेगी और अधिशासी अधिकारी तनवीर सिंह मारवाह के निर्देश पर नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती-ढालवाला स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों में मुस्तैदी से जुट गई है। सफाई निरीक्षक मनोज बिष्ट ने बताया कि इसके तहत निकाय के वार्डों में सेग्रीगेट कूड़ा देने वालों की पहचान की जा रही है। प्रत्येक वार्ड में सही तरीके से सेग्रीगेट कूड़ा देने वाले 03 घरों को नामित किया जाना है, जिसका सर्वे निकाय की कार्यदाई संस्था जेबीची टेक्नोक्रेट के सुपरवाइजरों के माध्यम से किया जा रहा है।

निकाय चुनाव में अपनी ताकत दिखाएं कार्यकर्ता

आज समाचार सेवा

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा ने की। इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सहप्रभारी सुरेन्द्र शर्मा भी उपस्थित रहे। बैठक का उद्घाटन प्राचार्य करन माहरा और विषय विशेषज्ञ सुरेन्द्र शर्मा द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। करन माहरा ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा किए गए विभिन्न कार्यक्रमों का ब्यौरा देते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने कठिन समय में भी ईमानदारी के साथ काम किया है, जिसका उदाहरण बद्रीनाथ और मंगलौर उपचुनावों में मिली सफलता है। माहरा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे निकाय चुनावों में भाजपा को अपनी ताकत का अहसास कराएं। उन्होंने भाजपा सरकार पर महिलाओं, दलितों, अल्पसंख्यकों और गरीबों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं से इसे करारा जवाब देने की अपील की। उन्होंने कहा कि पार्टी एकजुटता के साथ चुनाव लड़ेगी और समय-समय पर समन्वय समिति की बैठकें आयोजित की जाएंगी। सहप्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बैठक में कहा कि स्थानीय निकाय और केदारनाथ उपचुनाव पार्टी के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से निकाय चुनावों को एक चुनौती के रूप में लेने का अनुरोध किया और भाजपा सरकार के खिलाफकांग्रेस के पास मौजूद मुद्दों को गंभीरता से जनता के सामने उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया। शर्मा ने कहा कि पार्टी को जिताऊ प्रत्याशी सामने लाने की आवश्यकता है और यदि सभी वरिष्ठ नेता एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे, तो पार्टी विजय प्राप्त कर सकती है। उन्होंने अनुशासन बनाए रखने की भी बात की और पार्टी नेताओं से मीडिया में बयान देने के बजाय पार्टी फोरम में अपनी बात रखने का आग्रह किया। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने नगर निगमों के लिए प्रभारी और सहप्रभारी की नियुक्ति की आवश्यकता पर बल दिया और शीघ्र नियुक्तियों की सिफारिश की ताकि प्रभारियों को होमवर्क का अधिक समय मिल सके। उन्होंने संगठन और वरिष्ठ नेताओं से समन्वय स्थापित कर प्रत्याशी चयन की सलाह दी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने पार्टी की चुनौतियों का सामना करने के लिए रणनीति तय करने की बात की और निकाय, पंचायत चुनाव और केदारनाथ उपचुनाव में वरिष्ठ नेताओं को पर्यवेक्षक और प्रभारी के रूप में नियुक्त करने की सलाह दी। उन्होंने भाजपा द्वारा केदारनाथ उपचुनाव में जीत के प्रयासों को देखते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपनी पूरी ताकत लगाने का आग्रह किया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपने सुझाव दिए। बैठक में पूर्व मंत्री नवप्रभात, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविन्द सिंह कुंजवाल, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, पूर्व मंत्री हीरा सिंह बिष्ट, नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला, पूर्व मंत्री तिलकराज बेहड़, पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत, विधायक ममता राकेश, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी, बिरेन्द्र सिंह रावत, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी, सेवादल की चीफहेमा पुरोहित, और प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना समेत अन्य सदस्यों ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

ICICI Home Finance [illegible]

(देखें-नियम-8 (6) के प्रावधान)
अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु सूचना

[illegible]

[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
1.	[illegible] LHDEH00001336394 & LHDEH00001336504	[illegible]	[illegible] सितम्बर 05, 2024	रू. 31,26,800/- रू. 3,12,680/-	अक्टूबर 07, 2024 [illegible]	अक्टूबर 16, 2024 [illegible]	अक्टूबर 15, 2024 [illegible]	सांकेतिक कब्जा
2.	[illegible] LHDEH00001478704 & LHDEH00001478705	[illegible] 248001	[illegible] सितम्बर 05, 2024	रू. 35,09,310/- रू. 3,50,931/-	अक्टूबर 07, 2024 [illegible]	अक्टूबर 16, 2024 [illegible]	अक्टूबर 15, 2024 [illegible]	सांकेतिक कब्जा
3.	[illegible] LHDEH00001423249 & LHDEH00001423254	[illegible] 249407	[illegible] सितम्बर 05, 2024	रू. 42,87,530/- रू. 4,28,753/-	अक्टूबर 07, 2024 [illegible]	अक्टूबर 16, 2024 [illegible]	अक्टूबर 15, 2024 [illegible]	सांकेतिक कब्जा
4.	[illegible] LHDEH00001454239 & LHDEH00001454564	[illegible] 248001	[illegible] सितम्बर 05, 2024	रू. 23,04,125/- रू. 2,30,412.5/-	अक्टूबर 07, 2024 [illegible]	अक्टूबर 16, 2024 [illegible]	अक्टूबर 15, 2024 [illegible]	सांकेतिक कब्जा
5.	[illegible] HHWR00001530875 & LHHWR00001530876 & LHHWR00001354242	[illegible] 249409	[illegible] सितम्बर 05, 2024	रू. 34,97,720/- रू. 3,49,772/-	अक्टूबर 07, 2024 [illegible]	अक्टूबर 16, 2024 [illegible]	अक्टूबर 15, 2024 [illegible]	भौतिक कब्जा

[illegible] (URL Link-eauction.samal.in) [illegible] 15 अक्टूबर,2024 [illegible] 9920807300 [illegible] https://www.icicihfc.com [illegible]

दिनांक: 12 सितम्बर 2024
स्थान: देहरादून, हरिद्वार

अधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड
CIN Number:-U65922MH1999PLC120106